## न्यूज डायरी



### यूएई में 7 अरब बैरल तेल भंडार का पता चला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। यूनाइनटेड अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में हाइड्रोकार्बन के नए भंडार का पता चला है। खलीज टाइम्स के मुताबिक, यहां करीब 7 अरब बैरल कच्चा तेल और 58 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का भंडार छिपा है। इस भंडार के पता लगने के बाद विश्व में गैस और तेल भंडार के मामले में यूएई छठे पायदान पर पहुंच गया। अबू धाबी सुप्रीम पेट्रोलियम काउंसिल ने सोमवार को घोषणा की कि नए भंडार के पता लगने के बाद देश का कच्चा तेल भंडार अब 105 अरब बैरल और पारंपरिक गैस का भंडार 273 ट्रिलियन क्यूबिक फीट हो गया है। वर्तमान में यूएई ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज देशों में तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है और रोजाना 30 लाख बैरल तेल का उत्पादन करता है।

### पौलैंड में गैस विस्फोट, छह की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वारसा। पोलैंड के दक्षिण में स्थित एक स्की रिसॉर्ट के घर में बुधवार को गैस पाइप लाइन में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गयी जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। मृतकों और घायलों के अलावा दो व्यक्ति लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। करीब सौ अग्निशमन कर्मी बचे हुए लोगों की खोज में गुरुवार को घर के मलबे की सफाई कर रहे थे। स्थानीय अधिकारी जरोस्लाव विचोरेक ने कहा, "हम अभी भी चमत्कार की आशा कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि बरामद दो शव बच्चों और चार वयस्कों के थे। विस्फोट के समय घर में आठ लोगों के होने की संभावना थी। स्थानीय गैस वितरक पीएसजी ने कहा कि गैस पाइपलाइन में अचानक दबाव कम होने से विस्फोट हुआ। वितरक ने कहा कि आसपास चल रहे निर्माण कार्य के कारण पाइपलाइन में छेद हुआ होगा।

### जलवायु परिवर्तन से दुनिया के अमीर–गरीब सभी देश प्रभावितः रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। दुनिया के अमीर देश हों या गरीब, जलवायु परिवर्तन से आने वाली आपदा से कोई नहीं बचा है। जापान, फिलिपींस, जर्मनी उन शीर्ष देशों में रहे हैं जहां पिछले साल प्रतिकूल मौसम से सबसे अधिक नुकसान हुआ। मैडागास्कर और भारत नुकसान के मामले में इन देशों से ठीक पीछे हैं। यह जानकारी पर्यावरण थिंकटैंक शोधकर्ताओं ने बुधवार को दी। पर्यावरण थिंकटैंक जर्मनवॉच की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक जापान ने पिछले साल बारिश के बाद बाढ़, दो बार गर्मी और गत 25 साल में सबसे विनाशकारी तूफान का सामना किया। इसकी वजह से पूरे देश में सैकड़ों लोगों की मौत हुई, हजारों लोग बेघर हुए और करीब 35 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। अध्ययन वैश्विक जलवायु खतरा सूचकांक के मुताबिक श्रेणी–5 का मैंगहट तूफान साल का सबसे शक्तिशाली चक्रवाती तूफान रहा जो सितंबर महीने में उत्तरी फिलिपींस से होकर गुजरा।

### हवाई स्थित नौसेना के पर्ल हार्बर शिपयार्ड में गोलीबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** होनोलूलू। हवाई स्थित नौसेना के पर्ल हार्बर शिपयार्ड में बुधवार को एक अमेरिकी नाविक ने गोलीबारी कर दो लोगों की जान ले ली जबकि एक अन्य को घायल कर दिया। बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना 1941 में पर्ल हार्बर पर जापान की ओर से की गई बमबारी की 78वीं बरसी से कुछ दिन पहले हुई है। इस घटना के बाद ही अमेरिका द्वितीय विश्वयुद्ध में शामिल हुआ था। नौसैन्य अड्डे की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि यह गोलीबारी स्थानीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे की गई जिसके बाद अड्डे को कुछ घंटों तक बंद रखना पड़ा। नौसैन्य अड्डे ने ट्वीट कर बताया कि हमलावर की पहचान अमेरिकी नाविक के रुप में हुई है। अधिकारियों ने कहा, नाविक ने खुद को गोली मारने से पहले रक्षा मंत्रालय के तीन नागरिक सुरक्षा कर्मियों को गोली मार दी थी।

# यूएस संसद में उइगर ऐक्ट लाने पर चीन आग बबूला

## अमेरिकी संसद में उइगर बिल पर चीन आग बबूला, यूएस को दी सख्त चेतावनी

**चेतावनी**

- अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के बीच दोनों देशों के संबंध और खराब होने की आशंका
- चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के नए टैरिफ प्रतिबंधों पर कहा, हम जवाब देने में सक्षम हैं



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। अमेरिका की संसद ने उइगर मानवाधिकार बिल पास किया जिस पर अब चीन ने सख्त चेतावनी दी है। पेइचिंग ने कहा है कि अमेरिका की संसद में उइगर मुसलमानों के साथ चीन के बर्ताव पर परिचर्चा का प्रतिकूल प्रभाव दोनों देशों के संबंधों पर पड़ सकता है। चीन ने कहा है कि इसका असर द्विपक्षीय सहयोग और ट्रेड वॉर को खत्म करने के लिए भविष्य में होनेवाले समझौते पर पड़ सकता है।

**उइगरों के लिए अमेरिकी संसद में बिल, चीन खफा**

चीन और अमेरिका के बीच होनेवाली ऐसी डील के पहले ही ठंडे बस्ते में जाने की आशंका है। इसी सप्ताह अमेरिका के प्रेजिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने कहा था कि चीन के साथ होनेवाली डील में वक्त लग सकता है।

ट्रंप ने कहा था कि किसी समझौते तक पहुंचने में 2020 के आखिरी तक का वक्त लग सकता है। बता दें कि अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने उइगर ऐक्ट 2019 पास किया है, जिससे चीन खासा नाराज है।

**चीन और अमेरिका के बीच और बढ़ सकता है तनावः** उइगर ऐक्ट 2019 को अभी सीनेट से भी पास होना है और उसके बाद यह हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा। हालांकि, अमेरिका के इस कदम का असर पहले से ही दोनों देशों के बीच जारी तनाव पर पड़ सकता है और यह तनाव और बढ़ सकता है। पेइचिंग की रणनीति के जानकार एक सूत्र ने बताया कि जिस कथित वन ट्रेड डील की बात की जा रही थी वह अब काफी मुश्किल नजर आ रही है क्योंकि दोनों पक्षों के बीच मतभेद पहले से काफी बढ़ गए हैं।

**अमेरिकी बैन पर चीन, इसकी कीमत चुकानी होगीः** चीन के उत्पादों पर अमेरिका के लगाए प्रतिबंध अगले 2 सप्ताह में लागू हो सकते हैं। इन प्रतिबंधों के साथ ही अमेरिका और चीन के बीच जारी तनाव और बढ़ना लगभग तय माना जा रहा है।

अमेरिकी प्रतिबंधों पर चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से बेहद सख्त टिप्पणी आई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से दिए बयान में कहा गया, श्क्या आपको ऐसा लगता है कि कोई भी हमारे हित के खिलाफ काम करेगा और हम कोई कदम नहीं उठाएंगे? हमें लगता है कि किसी भी गलत कदम और भाषा की कीमत चुकानी पड़ेगी।

## यूएस प्रेजिडेंट का मजाक उड़ाते दिखे जस्टिन ट्रूडो, भड़के डॉनल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अक्सर ही आलोचकों के निशाने पर रहते हैं। इस बार ट्रंप का मजाक उड़ाते दुनिया के दूसरे दिग्गज नेता नजर आए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बर्मिंगम पैलेस में ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और दूसरे नेताओं के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस चर्चा के दौरान ट्रूडो और अन्य नेता अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस कॉन्फ्रेंस का मजाक उड़ा रहे हैं जो लगभग 40 मिनट तक चली। हालांकि, इस विडियो पर ट्रंप की भी प्रतिक्रिया आई है और उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री को दोहरे चरित्रवाला शख्स करार दिया।

विडियो में नजर आ रहा है कि ट्रूडो के हाथ में एक ड्रिंक है और बोरिस जॉनसन मैक्रों से कह रहे हैं, क्या आप उस वजह से लेट हुए? ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का इशारा ट्रंप और मैक्रों की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस से था जो लगभग 40 मिनट तक चली थी। मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप और मैक्रों लगातार एक–दूसरे से असहमत ही रहे। इसके जवाब में ट्रूडो कहते हैं कि शायद इन्हें देर इसलिए हुई क्योंकि वो (डॉनल्ड ट्रंप) 40 मिनट तक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। ट्रूडो के ऐसा कहने के बाद सभी शीर्ष नेता कुछ हंसते हुए हां... हां... ऐसा हुआश कहते हैं।



प्रदर्शनकारियों की आंखों पर चोट, अब मास्क लगाकर डटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चिली। चिली में पिछले एक महीने से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी है। देश में शोषण और सामाजिक असमानता के विरोध में प्रदर्शनकारी देश भर में सड़कों पर उतरे हुए है। सरकारविरोधी प्रदर्शनों को दबाने के लिए पुलिस ने 8 नवंबर को रबर बुलेट का प्रयोग किया जिसमें 2 प्रदर्शनकारियों की आंखों की रोशनी चली गई। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के कारण अब तक 241 से अधिक लोगों के आंखों को चोट पहुंचने का दावा किया जा रहा है।

## देशद्रोह मामले में 17 दिसंबर को परवेज मुशर्रफ को सुनाई जाएगी सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विशेष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने बयान जारी किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ के खिलाफ देशद्रोह मामले में 17 दिसंबर को फैसला सुनाया जाएगा। एक विशेष अदालत ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने दुबई में रह रहे मुशर्रफ और पाकिस्तान सरकार की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए विशेष अदालत को 28 नवंबर को फैसला सुनाने से रोक दिया था। इसके बाद, पिछले सप्ताह विशेष अदालत ने 76 वर्षीय मुशर्रफ को देशद्रोह मामले में पांच दिसंबर को बयान रेकार्ड कराने के लिए कहा था।

'जियो न्यूज' के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे पेशावर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वकार अहमद सेठ के नेतृत्व वाली विशेष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने बयान जारी किया। नई अभियोजन टीम के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें मामले की तैयारी के लिए और समय की जरूरत है। 'डॉन न्यूज' के मुताबिक, न्यायमूर्ति शाह ने कार्यवाही 17 दिसंबर तक स्थगित करते हुए कहा कि वे अगली सुनवाई पर दलीलें सुनेंगे और फैसला सुनाएंगे।

मुशर्रफ पर तीन नवंबर 2007 को आपातकाल लगाने के लिए देशद्रोह का मामला चल रहा है। पाकिस्तान की पूर्व मुस्लिम लीग नवाज सरकार ने यह मामला दर्ज कराया था और 2013 से यह लंबित चल रहा है।

दिसंबर 2013 में उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज हुआ। इसके बाद 31 मार्च 2014 को मुशर्रफ आरोपी करार दिए गए और उसी साल सितंबर में अभियोजन ने सारे साक्ष्य विशेष अदालत के सामने रखे। लेकिन, अपीलीय मंचों पर याचिकाओं के कारण पूर्व सैन्य शासक के मुकदमे में देरी हुई और वह शीर्ष अदालतों और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद मार्च 2016 में पाकिस्तान से बाहर चले गए। फिलहाल मुशर्रफ इलाज करा रहे हैं।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। जेल में बंद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की जमानत याचिका पर यहां के उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को सुनवाई टाल दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने यह कदम प्रशासन की ओर से जिया की मेडिकल रिपोर्ट मुहैया नहीं कराने की वजह से उठाया। ढाका ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक उच्चतम न्यायालय अब जिया धर्मार्थ न्यास मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

अदालत ने अक्टूबर में 73 वर्षीय जिया और अन्य तीन को सत्ता के दुरुपयोग और अज्ञात स्रोत से न्यास के लिए धन एकत्र करने के मामले में सात साल कैद की सजा सुनाई थी। जिया इस साल फरवरी से ही कारावास की सजा काट रही हैं। उन्हें अपने पति एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के नाम पर चल रहे अनाथालय के कोष में गबन करने का दोषी करार दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश सैयद महमूद हुसैन की अध्यक्षता में अपीलीय डिवीजन की पूर्ण पीठ ने सुनवाई के लिए अगली तारीख तय की क्योंकि जिया की मेडिकल रिपोर्ट पेश नहीं की गई।